श्रद्धालुओं को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं

# सौ करोड़ में संवरेगा श्री खेड़ापति हनुमान लोक

- पुराना गर्भगृह रहेगा यथावत
- 21 एकड़ में बनेगा भव्य कॉरिडोर
- नागर शैली में होगा निर्माण
- धार्मिक पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी के छोला स्थित प्राचीन श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर परिसर में लगभग 100 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किए जा रहे श्री खेड़ापति हनुमान लोक कॉरिडोर के निर्माण कार्यों का बुधवार को सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने नगर निगम और संबंधित अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया।

उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए परियोजना को निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। मंत्री सारंग ने कहा कि कॉरिडोर निर्माण का मुख्य उद्देश्य श्रद्धालुओं को अधिक सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित दर्शन व्यवस्था उपलब्ध कराना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मंदिर के पुराने गर्भगृह की मूल संरचना और धार्मिक स्वरूप को पूरी तरह सुरक्षित रखते हुए आसपास के क्षेत्र का विस्तार किया जाएगा, ताकि मंदिर की ऐतिहासिक और आध्यात्मिक पहचान अक्षुण्ण बनी रहे। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को चरणबद्ध कार्ययोजना और विस्तृत ड्राइंग तैयार करने के निर्देश देते हुए कहा कि गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाए। साथ ही निर्माण कार्यों के दौरान श्रद्धालुओं, स्थानीय रहवासियों और व्यापारियों को न्यूनतम असुविधा हो तथा यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे, इसके लिए आवश्यक इंतजाम समय रहते किए जाएं।

करीब 21 एकड़ क्षेत्र में विकसित होने वाले इस कॉरिडोर का निर्माण राजस्थान के व्हाइट मार्बल और प्राचीन नागर शैली की वास्तुकला के अनुरूप किया जाएगा। मंदिर परिसर में सुंदरकांड की झलक प्रस्तुत करने वाला भव्य कॉरिडोर भी बनाया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक और सांस्कृतिक अनुभव प्राप्त होगा। परियोजना के तहत आधुनिक पार्किंग, चौड़ी सड़कें, दर्शक दीर्घा, सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए अधोसंरचना तथा अन्य नागरिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। दशहरा मैदान के खुले स्वरूप को सुरक्षित रखते हुए वहां भी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

सारंग ने कहा कि श्री खेड़ापति हनुमान लोक कॉरिडोर केवल एक निर्माण परियोजना नहीं, बल्कि आस्था, संस्कृति और आधुनिक विकास का संगम है। इसके पूरा होने पर यह भोपाल की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के साथ धार्मिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनेगा।

## दतिया उपचुनाव के लिए भारत सिंह बने प्रभारी

**नप्र, भोपालः** दतिया विधानसभा उपचुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने ग्वालियर सांसद भारत सिंह कुशवाह को प्रभारी नियुक्त किया है। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के करीबी तथा पार्टी के प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी को उपचुनाव का सह प्रभारी बनाया गया है। दतिया विधानसभा उपचुनाव के लिए 30 जुलाई को मतदान होना है। भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा के स्थान पर पूर्व संगठन मंत्री आशुतोष तिवारी को अपना प्रत्याशी बनाया है। वहीं कांग्रेस ने पूर्व विधायक घनश्याम सिंह को उम्मीदवार बनाया है। आजाद समाज पार्टी की ओर से दामोदर यादव चुनाव मैदान में हैं।

## जगदीशपुर में होने वाली कैबिनेट बैठक की तैयारियों का अधिकारियों ने लिया जायजा



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में 19 जुलाई को जगदीशपुर में प्रस्तावित कैबिनेट बैठक की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। बैठक की व्यवस्थाओं का बुधवार को अपर मुख्य सचिव शिव शेखर शुक्ला और भोपाल संभाग आयुक्त कर्मवीर शर्मा ने निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने आयोजन स्थल पर चल रही व्यवस्थाओं, सुरक्षा, बैठक व्यवस्था, सौंदर्यीकरण तथा ई-कैबिनेट के लिए किए जा रहे तकनीकी प्रबंधों की समीक्षा की। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि कैबिनेट बैठक के महत्व को देखते हुए सभी तैयारियां समय पर और त्रुटिहीन तरीके से पूरी की जाएं। उन्होंने संबंधित विभागों को समन्वय के साथ निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार दायित्व निभाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जगदीशपुर पैलेस परिसर स्थित ऐतिहासिक रानी महल और चमन महल का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध निदेशक इलैया राजा टी, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, आईजी रुचि वर्धन सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## सहकारिता विभाग में 613 अधिकारियों-कर्मचारियों को मिली पदोन्नति

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** सहकारिता विभाग में पदोन्नति नियम-2025 के तहत 15 संवर्गों में कुल 613 अधिकारियों और कर्मचारियों को पदोन्नति दी गई है। जारी आदेशों के अनुसार प्रथम श्रेणी के 41, द्वितीय श्रेणी के 84, तृतीय श्रेणी के 486 तथा चतुर्थ श्रेणी के 2 कर्मचारियों को पदोन्नत किया गया है। पदोन्नति प्राप्त करने वालों में संयुक्त सहकारिता एवं संयुक्त पंजीयक, उप आयुक्त, सहायक आयुक्त, अंकेक्षण अधिकारी, वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक, सहकारी निरीक्षक, सहायक ग्रेड-1, 2 और 3 सहित अन्य संवर्गों के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हैं। विभाग का कहना है कि पदोन्नति से प्रशासनिक कार्यों में दक्षता बढ़ेगी और कर्मचारियों का मनोबल मजबूत होगा।

## आदर्श आंगनवाड़ी बच्चों के सर्वांगीण विकास की पहली पाठशाला : डॉ. यादव



**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आदर्श आंगनवाड़ी केंद्र बच्चों के सर्वांगीण विकास की प्रथम पाठशाला हैं। सरकार छोटे बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों पर सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि सदावल स्थित सक्षम आदर्श आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों के विकास के लिए आवश्यक सभी व्यवस्थाएं की गई हैं तथा प्रदेश सरकार निरंतर आंगनवाड़ी केंद्रों का विकास कर रही है। मुख्यमंत्री बुधवार को उज्जैन के स्वेज फार्म स्थित सक्षम आदर्श आंगनवाड़ी केंद्र के अवलोकन एवं हितलाभ वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण आहार सप्ताह के अंतर्गत आयोजित पोषण प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा इसकी सराहना की। उन्होंने केंद्र का निरीक्षण कर बच्चों से संवाद किया तथा भोजन क्षेत्र, स्वास्थ्य परीक्षण कक्ष और औषधि कक्ष की व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान जगन्नाथ का उज्जैन से हजारों वर्ष पुराना संबंध रहा है। उन्होंने बताया कि पूर्व निर्धारित नई दिल्ली प्रवास के कारण वे गुरुवार को उज्जैन की जगन्नाथ रथ यात्रा में शामिल नहीं हो सकेंगे। इससे पूर्व उन्होंने भगवान जगदीश मंदिर में पूजा-अर्चना कर दर्शन किए।

## भारत टेक्स-2026 में निवेशकों से संवाद करेंगे सीएम

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 16 जुलाई को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित भारत टेक्स-2026 में शामिल होकर देश-विदेश के प्रमुख टेक्सटाइल निवेशकों, उद्योग प्रतिनिधियों और वैश्विक ब्रांडों से संवाद करेंगे। इस दौरान वे मध्यप्रदेश की उद्योग हितैषी नीतियों, आधुनिक औद्योगिक अधोसंरचना तथा टेक्सटाइल एवं गारमेंट क्षेत्र में उपलब्ध निवेश संभावनाओं को वैश्विक उद्योग जगत के सामने प्रस्तुत करेंगे।

मुख्यमंत्री कार्यक्रम के दौरान वन-टू-वन बैठकों, राउंड टेबल चर्चा, निवेशक संवाद और प्रस्तावित समझौता ज्ञापनों (एमओयू) के माध्यम से टेक्सटाइल, गारमेंट और फुटवियर क्षेत्र में नए निवेश आकर्षित करने का प्रयास करेंगे।

मुख्यमंत्री टेक्सटाइल एवं गारमेंट उद्योग के प्रमुख प्रतिनिधियों के साथ आयोजित राउंड टेबल बैठक में भी भाग लेंगे। इसमें निवेश, निर्यात संवर्धन, वैश्विक प्रतिस्पर्धा, सतत विनिर्माण, लॉजिस्टिक्स और कौशल विकास जैसे विषयों पर चर्चा होगी। केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह सहित देश-विदेश के 100 से अधिक उद्योगपति और निवेशक इसमें शामिल होंगे।

नई दिल्ली के होटल द लीला में आयोजित 'मध्यप्रदेश में निवेश के अवसर' विषयक इंटरैक्टिव सत्र में मुख्यमंत्री राज्य की औद्योगिक संभावनाओं के साथ नवीकरणीय ऊर्जा, पर्यटन और अन्य उभरते क्षेत्रों में निवेश के अवसरों पर भी चर्चा करेंगे। वे उद्योगपतियों से अलग-अलग मुलाकात कर निवेश और औद्योगिक विस्तार की संभावनाओं पर विचार-विमर्श करेंगे।


## दतिया उपचुनावः निष्पक्षता और गंभीरता से करें निर्वाचन कार्य, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दतिया के कलेक्टर, जिला निर्वाचन अधिकारी और पुलिस अधीक्षक के साथ बैठक कर विधानसभा उप निर्वाचन-2026 की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरी निष्पक्षता और गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए।



बैठक में उन्होंने स्वीप गतिविधियों में तेजी लाकर मतदाताओं को मतदान के प्रति अधिक से अधिक जागरूक करने पर जोर दिया। इसके अलावा क्रिटिकल और संवेदनशील मतदान केंद्रों, बॉन्ड ओवर की कार्रवाई, अंतरराज्यीय नाकों की निगरानी, अवैध हथियारों की जब्ती, पेड न्यूज, आदर्श आचार संहिता उल्लंघन से जुड़ी शिकायतों तथा कानून-व्यवस्था की स्थिति की भी समीक्षा की। बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रामप्रताप सिंह जादौन, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुरभि तिवारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।




मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक: डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक: अपूर्व तिवारी। * फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com ( * समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com